सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5486	26.08.2019	27.08.2019	Pilibhit Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/pilibhit/health-pilibhit-news-bly373690892
Title:	**Six children died within 37 days and many other fell ill due to fever in district Pilibhit, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Pilibhit, SSU-Uttar Pradesh			

सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के कई गांवों में बुखार से 37 दिन के भीतर छह बच्चों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को गांव पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगाया, जिसमें 25 मरीजों की खून की जांच कर स्लाइड बनाई गई । 150 मरीजों का परीक्षण कर दवाई दी गई।

बुखार के प्रकोप से पिछले कई दिनों से सीएचसी में मरीजों की खासी भीड़ है। कई गांवों में बुखार से लोग बेहाल है। तहसील क्षेत्र के जोगराजपुर, जगतपुर, रानीगंज में पिछले 37 दिनों में छह बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग बुखार से पीड़ित है। गांव रानीगंज निवासी गोपाल के पुत्र करन के पुत्र की 24 जुलाई को, गांव जोगराजपुर निवासी विष्णु की 20 जुलाई को, गांव रानीगंज निवासी प्रेमपाल के पुत्र अमर (4) की 17 अगस्त को, गांव के ही विष्णु के पुत्र यादवजीत (3) की 24 अगस्त को, विष्णु के दूसरे पुत्र करन (डेढ़ माह) की 23 अगस्त को, गांव निवासी गोपाल के पुत्र पप्पू (8) की पांच अगस्त को मौत हो गई। बीमार हुए बच्चों को गांव और जोगराजपुर के झोलाछाप से इलाज कराया गया, सभी की मौत हो गई। इसके अलावा गांव रानीगंज में कालीचरन (70), रामसिंह (75), श्रीपाल (45), नीरज (7), बालकराम के पुत्र मूलचंद (4), रामकेशन के पुत्र

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control, Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

राहुल (3) की हालत गंभीर है। बुखार से मौतों की सूचना और कई लोगों के बीमार होने पर सोमवार को सीएचसी से गांव रानीगंज एक टीम भेजी गई। टीम ने गांव में स्वाथ्य शिविर लगाकर डेढ़ सौ मरीजों को दवाई बांटी। 25 लोगों की खून की स्लाइड बनाई गई। टीम में डॉ.देवेश गिरि, फार्मेसिस्ट राजदत्त पांडेय आदि थे। एमओआईसी डॉ. छत्रपाल सिंह ने बताया कि जांच में मलेरिया पॉजेटिव का कोई मरीज नहीं पाया गया।

000000

बुखार से करन और विष्णु की 27 जुलाई, गांव जगतपुर निवासी प्रेमपाल के साढ़े तीन साल के पुत्र अमर की 18 अगस्त को, विष्णु के तीन वर्षीय पुत्र किशन की मौत 24 अगस्त को मौत हुई है। करन को दिमागी बुखार होने की आशंका परिवार के लोग व्यक्त कर रहे है। हालांकि उसकी जांच नहीं हो सकी। गांव रानीगंज में सोमवार को टीम को भेजा था। गंभीर मरीजों को सीएचसी लाने को कहा गया है।

-डॉ. छत्रपाल सिंह, एमओआईसी

0000

26 पीबीटीपी 26

महिला डेंगू की चपेट में

पूरनपुर।मोहल्ला कायस्थान निवासी गीता देवी को 13 अगस्त को बुखार आया था। गंभीर हालत में उन्हें नगर के एक डॉक्टर को दिखाया गया। सुधार न होने पर बरेली के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बेटे अभितेश भारती ने बताया कि बरेली के डॉक्टरों ने मां गीता देवी को डेंगू बुखार बताया है। रविवार को उनकी अस्पताल से छुट्टी कर दी। इधर, सोमवार को जिला मुख्यालय से आई एक टीम ने उसके घर पहुंचकर डेंगू बुखार के लक्षण और बचाव की जानकारी दी। टीम ने आसपास के कई लोगों की जांच की और मोहल्ला में कीटनाशक का छिड़काव कराया। एमओईसी डॉ. छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीलीभीत से कोआर्डिनेटर आरती सक्सेना के मोहल्ला में पहुंचने, कीटनाशक का छिड़काव कराने की जानकारी मिली है। जब तक पूरी तरह से जांच नहीं होती तब तक डेंगू बुखार की पुष्टि नहीं की जा सकी।